Azadi Ka Amrit Mahotsav

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

# PRESS RELEASE

10/08/2023 अखिल भारतीय

प्रैस विज्ञप्ति दिनाँक - 10 अगस्त, 2023

एनएसई कोड:- LICI बीएसई कोड:- 543526

## वित्तीय वर्ष 2023-24 में अप्रैल-जून 2023 (पहली तिमाही) का प्रदर्शन अपडेट

- कर पश्चात लाभ रु 9543.71 करोड
- नॉन-पार एपीई 21.6% बढ़कर 608 करोड़ रुपए हुआ
- कुल व्यक्तिगत प्रीमियम 4.61% बढ़कर 62,773 करोड़ रुपए हुआ
- सम्पूर्ण व्यय अनुपात 14.59% से घटकर 12.85% हुआ
- वीएनबी मार्जिन(शुद्ध)13.6 % से बढ़कर 13.7% हुआ
- एयूएम 12.41% की बढ़त के साथ 46.11 लाख करोड़ रुपए हुआ
- 13वें माह व 61वें माह दोनों में प्रीमियम आधार पर स्थायित्व में सुधार हुआ

मुंबई, 10 अगस्त, 2023: भारतीय जीवन बीमा निगम ("LIC") के निदेशक मंडल ने 30 जून, 2023 को समाप्त हुई तिमाही के लिए स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों को पारित किया और अपनाया। नीचे हमारे स्टैंडअलोन परिणामों की मुख्य बातें बताई गई हैं।

30 जून, 2023 को समाप्त हुई तिमाही के लिए, LIC ने 30 जून 2022 को समाप्त हुई तिमाही के 98,352 करोड़ रुपये की तुलना में 98,363 करोड़ रुपये की कुल प्रीमियम पंजीकृत की।

प्रथम वर्ष प्रीमियम आय (FYPI) (IRDAI के अनुसार) द्वारा मापी गई बाजार की हिस्सेदारी के संदर्भ में, LIC ने 30 जून, 2023 को समाप्त हुई तिमाही के लिए 61.42% की बाजार की हिस्सेदारी के साथ भारतीय जीवन बीमा व्यवसाय में अपना नेतृत्व बनाए रखा है।30 जून, 2022 को समाप्त हुई तिमाही के लिए एक तुलनीय आधार पर बाजार की हिस्सेदारी 65.42% थी। 30 जून, 2023 को समाप्त हुई तिमाही के लिए 98,363 करोड़ रुपये की कुल प्रीमियम आय में व्यक्तिगत नए व्यवसाय की प्रीमियम आय 10,462 करोड़ रुपये, व्यक्तिगत नवीनीकरण प्रीमियम आय 52,311 करोड़ रुपये और कुल समूह व्यवसाय की प्रीमियम आय 35,590 करोड़ रुपये है। 30 जून, 2023 को समाप्त हुई तिमाही के लिए कुल व्यक्तिगत व्यवसाय प्रीमियम 4.61% की वृद्धि दर्ज करते पिछले वर्ष की तुलनीय अवधि में हुए 60,007 करोड़ रुपये से बढ़कर 62,773 करोड़ रुपये हो गया।

30 जून 2023 को समाप्त हुई तिमाही के लिए कर पश्चात लाभ (PAT) 9,543.71 करोड़ रुपये था जिसमें उपलब्ध सॉल्वेंसी मार्जिन पर अभिवृद्धि से संबंधित 7,491.53 करोड़ रुपये (शुद्ध कर) की एक राशि शामिल है, जिसे नॉन पार फंड से शेयरधारकों के खाते में स्थानांतरित किया गया। 30 जून, 2022 को समाप्त हुई तिमाही के लिए, PAT 682.88 करोड़ रूपये था जिसमें उपलब्ध सॉल्वेंसी मार्जिन पर अभिवृद्धि से संबंधित 4,148.77 करोड़ रूपये (शुद्ध कर) की एक राशि शामिल नहीं की गई थी क्योंकि यह राशि 30 सितंबर 2022 को नॉन पार फंड से शेयरधारकों के खाते में स्थानांतरित की गई थी। इसलिए 30 जून 2022 को समाप्त हुई तिमाही के लिए तुलनीय लाभ का आंकड़ा 4,831.65 करोड़ रूपये (शुद्ध कर) है।

एक वार्षिक प्रीमियम समतुल्य (APE) आधार पर 30 जून 2023 को समाप्त हुई तिमाही के लिए कुल प्रीमियम 9,532 करोड़ रुपये था। इसमें से 62.42% (5,950 करोड़ रुपये) का योगदान व्यक्तिगत व्यवसाय और 37.58% (3,582 करोड़ रुपये) समूह व्यवसाय का था। व्यक्तिगत व्यवसाय के भीतर APE आधार पर पार उत्पादों की हिस्सेदारी 89.78% (5,342 करोड़ रुपये) थी और शेष 10.22% (608 करोड़ रुपये) गैर-पार उत्पादों के कारण थी। गैर-पार APE 30 जून, 2022 को समाप्त हुई तिमाही के लिए 500 करोड़ रुपये से 30 जून 2023 को समाप्त हुई तिमाही में 21.6% की वृद्धि दर्ज करते हुए बढ़कर 608 करोड़ रुपये हो गया। इसलिए व्यक्तिगत APE में हमारी गैर-पार हिस्सेदारी जो 30 जून 2022 को समाप्त हुई तिमाही में 7.75% थी, 30 जून 2023 को समाप्त हुई तिमाही में बढ़कर 10.22% हो गई है।

30 जून, 2022 को समाप्त हुई तिमाही के दौरान बेची गई 36,81,764 पॉलिसियों की तुलना में 30 जून, 2023 को समाप्त हुई तिमाही के दौरान व्यक्तिगत खंड में कुल 32,16,301 पॉलिसियाँ बेची गई थीं।

30 जून 2023 को समाप्त हुई तिमाही तक प्रीमियम के आधार पर निरंतरता अनुपात 13वें महीने और 61वें महीने के लिए क्रमशः 78.37% और 62.73% थे। 30 जून 2022 को समाप्त इसी तिमाही तक तुलनीय निरंतरता अनुपात क्रमशः 77.85% और 62.43% थे। इसलिए, प्रीमियम आधार पर निरंतरता में 13वें महीने और 61वें महीने के लिए क्रमशः 52 bps और 30 bps का सुधार हुआ है।

30 जून 2023 को समाप्त हुई तिमाही तक 13वें महीने और 61वें महीने के लिए पॉलिसियों की संख्या के आधार पर निरंतरता अनुपात क्रमशः 66.15% और 50.79% थे। 30 जून 2022 को समाप्त इसी तिमाही तक तुलनीय निरंतरता अनुपात क्रमशः 65.96% और 51.23% थे।

प्रबंधन के तहत संपत्ति (AUM) 30 जून 2022 को 41.02 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 12.41% की वृद्धि दर्ज करते हुए 30 जून 2023 को 5.09 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 46.11 लाख करोड़ रुपये हो गई।

अप्राप्त लाभ को छोड़कर पॉलिसीधारक के फंड पर निवेशों पर लाभ 30 जून, 2022 को समाप्त हुई अवधि में 7.74% के विरुद्ध 30 जून, 2023 को समाप्त हुई अवधि में बढ़कर 8.78% हो गया।

30 जून, 2023 को सॉल्वेंसी अनुपात 30 जून, 2022 को 1.88 के विरुद्ध 1.89 था।

30 जून, 2023 को समाप्त हुई तिमाही में नए व्यवसाय का मूल्य (VNB) 30 जून, 2022 को समाप्त हुई तिमाही में 1,397 करोड़ रुपये की तुलना में 1,302 करोड़ रुपये था। 30 जून, 2023 को समाप्त हुई अवधि के लिए VNB मार्जिन 30 जून, 2022 को समाप्त हुई तिमाही में 13.6% के विरुद्ध 13.7% है।

LIC के अध्यक्ष श्रीमान सिद्धार्थ मोहंती ने कहा - "इस वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही के दौरान, हमने समग्र व्यक्तिगत व्यवसाय के प्रतिशत के रूप में अपने गैर-पार उत्पाद मिश्रण में वृद्धि हासिल की है। इसके अलावा, सभी समूहों में निरंतरता में सुधार लाने के हमारे प्रयासों के परिणाम दिखने लगे हैं। हमारा समग्र व्यय अनुपात बेहतर हो गया है और हमारे मार्जिन साल-दर-साल आधार पर स्थिर है। इसके साथ ही हम चैनल मिश्रण में विविधता लाने वाली रणनीतियों पर काम करना जारी रखते हैं। हमारा मानना है कि हम अपने व्यवसाय को इस तरीके से बढ़ाने के मार्ग पर हैं जिससे हमारे सभी हितधारकों के लिए बेहतर मूल्य बन सके। हम LIC के रूप में "2047 तक सभी के लिए बीमा" के लक्ष्य की प्राप्ति में सार्थक योगदान डालने के लिए वचनबद्ध हैं, जिससे लोगों को वित्तीय सुरक्षा और आजीविका प्रदान की जा सके।
हम अपने पॉलिसीधारकों, शेयरधारकों और कर्मचारियों का उनके समर्थन के लिए धन्यवाद करते हैं।

<u>प्रमुख प्रचालन और वित्तीय मेट्रिक्स:</u>

| क्र° | विवरण | 30 जून, 2023 को समाप्त हुई तिमाही (रु° करोड़ में) | 30 जून, 202२ को समाप्त हुई तिमाही (रु° करोड़ में) | वर्ष दर वर्ष वृद्धि % |
|---|---|---|---|---|
| 1. | लाभ कर के भुगतान के पश्चात (पीएटी)* | 9543.71 | 682.88 | |
| 2. | कुल नव व्यवसाय प्रीमियम आय (व्यक्तिगत) | 10,462 | 10,938 | -4.35% |
| 3. | नवीकरण प्रीमियम (व्यक्तिगत) | 52,311 | 49,069 | 6.61% |
| 4. | कुल प्रीमियम (व्यक्तिगत) | 62,773 | 60,007 | 4.61% |
| 5. | कुल समूह व्यवसाय प्रीमियम | 35,590 | 38,345 | -7.91% |
| 6. | कुल प्रीमियम आय | 98,363 | 98,352 | 0.01% |
| 7. | बेची गई पॉलिसियों की संख्या | 32,16,301 | 36,81,764 | -12.64% |
| 8. | नव व्यवसाय का मूल्य | 1302 | 1397 | |
| 9. | प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियाँ | 46,11,066.52 | 41,02,041.84 | 12.41% |
| 10. | वीएनबी मार्जिन(शुद्ध) | 13.7% | 13.6 | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 11. | प्रबंधन व्यय का अनुपात | 12.85% | 14.59% | |
| 12. | सॉल्वेंसी मार्जिन | 1.89 | 1.88 | |
| 13. | 13 माह/ 61 माह स्थायित्व (प्रीमियम आधार पर) | 78.37%/62.73% | 77.85%/62.43% | |
| 14. | 13 माह/ 61 माह स्थायित्व (पॉलिसियों की संख्या के आधार पर) | 66.15%/50.79% | 65.96%51.23% | |
| 15. | व्यक्तिगत एपीई | 5950 | 6450 | -7.75% |
| 16. | व्यक्तिगत एपीई उत्पाद मिश्रण (%) (पार/ संबद्ध सहित नॉन पार) | 89.78%/10.22% | 92.25%/7.75% | |
| 17. | एपीई समूह व्यवसाय | 3582 | 3819 | -6.21% |
| 18. | कुल एपीई (व्यक्तिगत+समूह) | 9532 | 10,270 | -7.19% |

*निगम ने गैर भागीदारी पालिसीधारको के खाते से शेयरधारकों के खाते मे उपलब्ध सालवेन्सी मार्जिन पर अभिवृद्धि ( शुद्ध कर) के हस्तांतरण के संबंध में सितंबर 2022 में अपनी लेखांकन नीति में बदलाव किया था और तदानुसार वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान कुल 27,240..75 करोड़ रुपये (शुद्ध राशि) हस्तानंतरित की थी जिसमें 30/6/2022 को समाप्त तिमाही से संबधित 4148.77 करोड़ रुपए (शुद्ध कर) शामिल है। 30/06/2023 को समाप्त तिमाही के लिए 7491.53 करोड़ रुपये (शुद्ध कर ) की राशि हस्तांतरित की गई है , जिसके कारण 30/06/2023 को समाप्त तिमाही के लिए दिखाया गया लाभ 30/06/2022 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणामों के साथ तुलनीय नही है।

**10 अगस्त 2023 को मुंबई में दिनांकित**

अधिक जानकारी के संपर्क करें: कार्यकारी निदेशक (निगमित संप्रेषण)
भारतीय जीवन बीमा निगम, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई ईमेल :ed_cc@licindia.com
www.licindia.in पर विजिट करें

---

हमें विश्वास है कि इस विज्ञप्ति में दी गई जानकारी आपके पाठकों हेतु मूल्यवान होगी।